(15)

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

क्रमांक :– एफ–21/स्थापन/2011/ 3939 दिनांक :– 19/5/2011

कार्यालय आदेश

प्राधिकरण में संचालित "नागरिक सुविधा केन्द्र" को प्रभावी बनाने की दृष्टि से निम्नानुसार आदेश दिये जाते है :–

1. नागरिक सुविधा केन्द्र पर प्राप्त आवेदनों के संबंध में आवेदकों को प्रपत्र भरने एवं संलग्न होने वाले दस्तावेजों के संबंध में तकनीकी परामर्श दिये जाने की दृष्टि से एक वास्तुविद लगाये जाने के लिए संवेदक 'ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग" को निर्देशित किया जाता है।
2. प्राप्त आवेदनो की शाखावार छंटनी कर अधिकतम एक घण्टे की अवधि में संबंधित शाखा में भिजवाना सुनिश्चित किया जावे। इसके लिए प्रभारी, नागरिक सुविधा केन्द्र, शाखावार अलग–अलग बैग केन्द्र पर उपलब्ध करायेंगें एवं केन्द्र के स्टाफ द्वारा संबंधित शाखा प्रभारी को प्रति घण्टा उक्त बैग मे आवेदन रख कर सुपुर्द कर रसीद ली जावें। कम्प्यूटराइज्ड रसीद दो प्रतियो में तैयार करने के लिए सॉफ्टवेरयर में समुचित संशोधन किया जावें।
3. शाखा प्रभारी प्राप्त आवेदनों का तत्काल परीक्षण कर निस्तारण की कार्यवाही करेंगें एवं लम्बित प्रकरणों की समीक्षा प्रतिदिन करेंगें।
4. केन्द्र पर प्राप्त आवेदनों के निर्धारित समय सीमा ने निस्तारण की दृष्टि से प्रतिदिन प्रभारी अधिकारी, एकल खिड़की, अगले दिन निस्तारण के लिए निर्धारित प्रकरणों की सूची शाखा प्रभारियों को निम्नांकित पेशानी मे उपलब्ध करायेगें।

क्र सं.	परिवाद सं.	परिवाद का विवरण	समय सीमा	शाखा द्वारा की गई कार्यवाही

5. उक्तानुसार प्राप्त सूची पर कॉलम सं. 5 में प्रकरण की Status Report संबंधित उपायुक्त/शाखा प्रभारी द्वारा अंकित की जाकर नागरिक सुविधा केन्द्र पर उसी दिन सायं 4 बजे तक दी जायेगी। तदनुसार सॉफ्टवेयर में इन्द्राज कर जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर वेबसाइट पर ऑन लाईन किया जावे।
6. नागरकिं सुविधा केन्द्र पर पंजीबद्ध प्रकरणों के निराकरण की मासिक समीक्षा सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर के स्तर पर एवं उपायुक्त के स्तर पर साप्ताहिक की जावें।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

क्रमांक :– एफ–21/स्थापन/2011/ दिनांक :–

प्रतिलिपि : सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. उपायुक्त–उत्तर/दक्षिण/पूर्व/पश्चिम, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
2. निदेशक वित्त/विधि/निदेशक/आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
3. निजी सचिव, आयुक्त महोदय, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
4. वरिष्ठ निजी सहायक सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
5. ओसवाल डाटा प्रोसेसिंग, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
6. ....

–sd/–
सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण
जोधपुर

D:\Establishment back up\2011\d:Stablishment\Gen Letter 2011.doc